डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/ म.प्र./ मन्दसौर/ 122/ 2024- 26
ई-पेपर www.guruexpress.live
बात आपकी, शब्द हमारे
# गुरु एक्सप्रेस
सुबह का अख़बार
संपादक – आशुतोष नवाल
वर्ष 19 | अंक 197 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | शनिवार 03 मई 2025 | मूल्य 2 रुपया




## सामुदायिक पुलिसिंग : नीमच नंबर वन, मंदसौर को मिला 38वां क्रमांक

**नीमच/मंदसौर, 02 मई गुरु एक्सप्रेस।** पुलिस विभाग ने प्रदेश में सभी जिलों में सामुदायिक पुलिसिंग को लेकर सर्वे कराया। जिसमें नीमच को प्रदेश में 01 नंबर तो मंदसौर को 38वां क्रमांक मिला।

पुलिस मुख्यालय से प्रदेश के सभी जिलों की पुलिसिंग को लेकर सर्वे किया गया। जिसमें सामुदायिक पुलिसिंग को लेकर जानकारी निकाली गई। इसके बाद एक सूची तैयार की गई। जिसमें सामुदायिक पुलिसिंग के मामले में नीमच प्रदेश में अव्वल नंबर पर आया। इस मामले में मंदसौर की स्थिति खराब रही। मंदसौर का स्थान 38वें नंबर पर है। इस सर्वे में नेगेटिव और पॉजीटिव पाइंट को लेकर स्कोर दिए गए। इसमें नीमच की बात करें तो 290 पॉजीटिव और 143 नेगेटिव पाइंट के साथ नीमच जिले का स्कोर 66.67 रहा। इसी तरह से मंदसौर को 299 पॉजीटिव, 248 नेगेटिव पाइंट मिले। इस तरह से मंदसौर का स्कोर 54.66 रहा।

# शाम को अपहरण, सुबह छोड़ा

### जमीन के रूपए नहीं दिए तो वसूली का ठेका बदमाश लाला पठानों को दिया, बंदूक की नोंक पर जमीन कारोबारी को ले गए

### तीन गिरफ्तार, मास्टर माईंड सहित तीन की तलाश



**मंदसौर, 02 मई गुरु एक्सप्रेस।** जमीनो के धंधे में किसानो से खरीद फरोख्त के दौरान गाईड लाईन से बनने वाली राशि तो आरटीजीएस या एनईएफटी अथावा चेक से दे दी जाती है। शेष राशि रोककर विक्रेता से समय ले लिया जाता है। इस बीच जमीन अच्छी कीमत पर बिक गई तो ठीक नहीं तो विक्रेता को शेष रुपए के लिए चक्कर लगवाए जाते है। ऐसे कई प्रकरण अब तक सामने आ चुके है। बालागंज को राजेश माली हो या उसके जैसे कई अन्य परेशान आखिरकार थक हारकर या तो आत्महत्या जैसा कदम उठाते है अथवा पुलिस के पास जाते है। कई मामलो में पुलिस भी भूमाफिया से सेट हो जाती है। ऐसे में परेशान किसान अथवा जमीन विक्रेता बदमाशो को सुपारी देकर अपने रूपये वसूलने की कोशिश करता है। ऐसे ही एक मामले में लदूना के किसान अनिल माली पिता भगवती माली ने पहले इमरान और फिर मुमताज, सुभान के जरिये देवल्दी के अरबाज लाला से संपर्क किया। सबने मिलकर योजना बनाई और मंदसौर के जमीन कारोबारी अंकुर पिता सुभाष गुप्ता का पिस्टल की नोक पर अपहरण कर लिया और उसे देवल्दी ले गए, जहां उसकी पिटाई भी की गई। जब पुलिस एक्टिव हुई तो अल सुबह भावगढ़ पुलिया पर छोड़ गए। मामले में पुलिस ने खबर लिखे जाने तक तीन बदमाशो को हिरासत में ले लिया था जबकि, तीन आरोपियो को पुलिस तलाश रही है। मामले में विस्तृत जांच के दौरान आरोपियो की संख्यां और बढ़ने की संभावना है।

पुलिस के मुताबिक अंकुर के परिजनो ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उनके परिवार के अंकुर पिता सुभाष गुप्ता अपने पाटिल कालोनी स्थित आफीस मंगलम क्रियेशन पर बैठा था। इसी दौरान शाम करीब 06.30 बजे बाईक पर आए अज्ञात बदमाश बंदूक की नोक पर उसका अपहरण कर ले गए। उन्होंने लदूना के अनिल माली पर शंका जाहिर की। तत्काल सक्रिय हुई पुलिस ने कड़ियो को जोड़ना शुरु किया तो मामला मंदसौर के मदारपुरा, कल्पना नगर से होता हुआ देवल्दी के अबरार लाला तक पहुंच गया। पुलिस का दबाव बढ़ता देख बदमाश अल सुबह करीब 04.30 बजे अंकुर को राजस्थान -एमपी की बार्डर पर स्थित भावगढ़ पुलिया पर छोड़ गये। मामले में शहर कोतवाली पुलिस ने देर रात अनिल माली और अरबाज लाला के विरूद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 140 (3), 3 (5) के तहत प्रकरण दर्ज किया है। मामले में पुलिस ने मुमताज पिता मजीद खां निवासी कल्पना नगर मंदसौर, सुभान पिता सुलेमान मेवाती निवासी मदारपुरा को हिरासत में लिया है। जबकि, इमरान निवासी मदारपुरा और अरबाज लाला सहित तीन आरोपियो को तलाश रही है।

#### यह है पूरा मामला...

मिली जानकारी के अनुसार अंकुर गुप्ता ने अनिल माली की लदूना में स्थित जमीन खरीदी थी। चर्चाओं के अनुसार दो करोड़ की इस जमीन की रजिस्ट्री करवा ली। लेकिन, रुपए नहीं दिए गए। कई तरह से अनिल ने रुपए निकलवाने के प्रयास किए। लेकिन, उसे रुपए नहीं मिले। इसके बाद उसने इमरान के जरिये अरबाज से संपर्क किया। चर्चा के अनुसार जमीन का एग्रीमेंट करके अंकुर गुप्ता का अपहरण कर लिया गया। इस मामले में सीतामऊ के एक और व्यक्ति सोहेल का नाम भी सामने आ रहा है। हालांकि पुलिस का कहना है कि फिलहाल दो लोगों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। तीन लोगो को गिरफ्तार किया है। मामले में जांच चल रही है।

### एक कहानी यह भी...

**एक तरफ जहां पुलिस अपहरत अंकुर को तलाशने में लगी थी, वहीं दूसरी तरफ अलग अलग कई लोगो से राशि इकट्ठा की जा रही थी?**

**सूत्रों की माने तो डेढ़ खोखे की व्यवस्था में जूटे लोगो ने 03 घंटे अर्थात रात में 12 से 03 के मध्य इतनी राशि की व्यवस्था करने के लिये कई लोगो के दरवाजे खटखटाए गये। खैर, बमुश्किल 03.30 बजे शेरा के जरिये राशि भिजवाने की कहानी सामने आई, जिसके बाद लाला के यहां से विक्टिम को रिलीज किया गया। यह बात अगर सही हैं तो अब यह बात समझ नहीं आ रही की पुलिस अपनी पीठ क्यों थपथपा रही हैं...?**



# धरी रह गई योजना...

### ✻ धरातल पर नहीं उतरा यातायात का मास्टर प्लान
### ✻ सकरी सड़के, अतिक्रमण और स्थिति जस की तस

**मंदसौर, 02 मई गुरु एक्सप्रेस।** यातायात सुधारने के किए जा रहे प्रयास बैठकों और कागजों से बाहर नहीं आ पा रहे हैं। शहर के मुख्य मार्गो की सकरी सड़कें और अतिक्रमण को लेकर तैयार प्लान धरातल पर नहीं उतर पा रहा है। यातायात पुलिस द्वारा तैयार मास्टर प्लान सिर्फ कागजों पर ही सिमट कर रह गया। आज तक इस पर कोई काम नहीं हो सका। जिले की यातायात व्यवस्था में सुधार के लिये यातायात पुलिस ने यह मास्टर प्लान तैयार कर नपा, पुलिस प्रशासन और जिला प्रशासन को भेजा। लेकिन, किसी ने इसे गंभीरता से नहीं लिया। सड़कें चौड़ी होने की बजाय सकरी हो गई। इसका कारण है संस्थानों और दुकानो के बाहर खड़े वाहन।

#### इन मार्गों के चौड़ीकरण का था प्लान...

- ✻ महाराणा प्रताप बस स्टैंड से प्रतापगढ़ पुलिया तक।
- ✻ गुप्ता कचौरी कॉर्नर से संजीत नाका तक।
- ✻ घंटाघर से शुक्ला चौक तक माधवगंज से जगतपुरा तिराहा तक।
- ✻ गांधी चौराहा से बड़े बालाजी मंदिर नेहरू बस स्टैंड तक।
- ✻ धानमंडी उतारा से बड़ा चौक, गणपति चौक, शुक्ला चौक तक।
- ✻ आंबेडकर चौराहा, किला रोड से पशुपतिनाथ मंदिर तक।

सालों से शहर की यातायात व्यवस्था सुधार की बातें ही हो रही हैं। अधिकारी निर्देश भी देते हैं। 12 अप्रैल 2019 को तत्कालीन कलेक्टर ने जीआईएस मैप तैयार कर समाधान का पूरा प्लान बनाने के निर्देश दिए। 06 मार्च 2020 को रोड इंजीनियरों की टीम बुलाकर स्मार्ट सिटी की तर्ज पर शहर का यातायात प्लान बनाने का निर्णय हुआ। अधिकारियों के तबादले होते ही योजनाएं ठंडे बस्ते में चली जाती हैं। आखिरकार अगस्त 2022 में यातायात पुलिस ने अपने स्तर पर शहर की यातायात व्यवस्था का मास्टर प्लान बनाया। यह नपा अधिकारी, पुलिस प्रशासन व जिला प्रशासन को भी दिया। लेकिन, आज तक इस पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। इसमें सुधार कार्य जैसे मल्टी लेवल पार्किंग, रोड चौड़ीकरण, चौराहा सुधार कार्य नपा द्वारा कराया जाना था।

#### चौराहों पर टर्न लेते समय रहती है हादसे की आशंका...

पुलिस ने अपने मास्टर प्लान में शहर के तीन चौराहों पर बनी रोटरी में भी सुधार के सुझाव दिए थे। बीपीएल चौराहा, महाराणा प्रताप बस स्टैंड एवं महारानी लक्ष्मी बाई चौराहा पर बनी रोटरी गलत बनी हैं। रोटरी चौराहा के केंद्र में नहीं है जिससे गलत तरह से वाहनों को टर्न लेना पड़ता है। ऐसे में हादसे की आशंका रहती है। महारानी लक्ष्मीबाई चौराहा पर तो रोटरी एक तरफ बनी है, जिससे सहकारी बाजार जाने के लिए वाहन चौराहा से पहले ही टर्न लेते हैं। सामने से आने वाले वाहन से टकराव की स्थिति आए दिन बनती है।

#### बेसमेंट में पार्किंग बताई, बना दिए गोदाम व दुकानें...

भवन निर्माण के समय शासन के नियमानुसार साइज के अनुसार कॉम्प्लेक्स, मॉल में पॉर्किंग एरिया देना जरूरी है। हैरानी की बात है कि निजी तो दूर शहर में एक भी शासकीय शॉपिंग कॉम्प्लेक्स में भी पार्किंग नहीं है। बड़े भवनों के नक्शों में बेसमेंट में पार्किंग बताई गई, लेकिन सभी में गोदाम या दुकानें बना दी। इस अव्यवस्था के लिए स्थानीय प्रशासन ही जिम्मेदार हैं। नतीजा यह है कि दुकानों में जाने वाले ग्राहक सड़क पर वाहन खड़े करते हैं।

## नाहरगढ़-बिल्लोद शिवना नदी पर पुल निर्माण की प्रतीक्षा कर रही जनता, आखिर कब होगी शुरुआत

**राजू सोनी**

**नाहरगढ़, 02 मई गुरु एक्सप्रेस।** बिल्लोद और नाहरगढ़ के बीच शिवना नदी पर स्थित पुल खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में आवागमन और कनेक्टिविटी के लिए महत्वपूर्ण है। पुल निर्माण में देरी होने से लोगों का मन बहुत दु:खी है। क्या हमारे जिम्मेदार नेता और किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहे है। क्योंकि, जनता को अकसर जोखिम में डालकर अन्य रास्तों से आवागमन करना पड़ता हैं।

**नदी पर पुल निर्माण की प्रतीक्षा कर रही जनता के कुछ उदाहरण-** नाहरगढ़ सहित क्षेत्र के लोग नदी पर पुल निर्माण का इंतजार कर रहे है। क्योंकि, वर्तमान में कोई निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ हैं। जिससे जनता की नाराजगी साफ देखी जा सकती,

शिवना नदी पर पुल निर्माण का वादा उप मुख्यमंत्री श्री जगदीश देवड़ा, तथा पूर्व कैबिनेट मंत्री, वर्तमान विधायक श्री हरदीप सिंह डंग द्वारा 02 वर्ष पहले नदी किनारे भूमि पूजन के साथ क्षेत्र की जनता को मंच से संबोधित करते हुए किया गया था। लेकिन, 02 साल बाद भी पुल नहीं बना है, जिससे लोगों अधिक रोष देखा जा सकता

**अन्य क्षेत्र:** कई अन्य क्षेत्रों में भी नदी पर पुल निर्माण की प्रतीक्षा जनता कर रही है। क्योंकि, पुल से आवागमन और कनेक्टिविटी में सुधार होगा। पुल से लोगों को नदी पार करना आसान हो जाता है, जिससे आवागमन में सुविधा होती है।

**कनेक्टिविटी में सुधार :** पुल से दो क्षेत्रों के बीच कनेक्टिविटी बेहतर होती है, जिससे लोगों को एक जगह से दूसरी जगह जाना आसान हो जाता है।

**आर्थिक विकास:** पुल से आर्थिक विकास को भी बढ़ावा मिलेगा। क्योंकि इससे व्यापार और परिवहन में आसानी होती है।

**निष्कर्ष:** नदी पर पुल निर्माण जनता के लिए बहुत महत्वपूर्ण है, और इसे जल्द से जल्द निर्माण करना चाहिए। पुल निर्माण से लोगों की यात्रा आसान होगी, कनेक्टिविटी में सुधार होगा और आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा।



#### मामला डग में हुई शंभुसिंह की हत्या का...

## राजस्थान से बसई पहुंचा आक्रोश

### सड़क पर उतरे लोग, हत्या के आरोपी के मकान को ध्वस्त करने की मांग, प्रशासन ने की त्वरीत कार्रवाई, घर को किया नस्तेनाबुद

**मंदसौर, 02 मई गुरु एक्सप्रेस।** राजस्थान के डग में हुई हत्या को लेकर हत्यारों के खिलाफ आक्रोश राजस्थान से बसई पहुंच गया। शुक्रवार को बड़ी संख्या में हिंदूवादी संगठन के लोग सड़क पर उतर आए। चूंकि 03 मई को सीएम मंदसौर जिले में है। ऐसे में प्रशासनिक अधिकारियों का तनाव वाजिब था। लोग हत्यारे के मकान को ध्वस्त करने की मांग को लेकर हंगामा करने लगे। सड़क पर बैठकर नारेबाजी शुरु हो गई। प्रशासनिक अधिकारियों की समझाईश का कोई असर नहीं दिखाई दे रहा था। हालांकि बाद में प्रशासन का बुल्डोजर हत्यारे के अवैध मकान पर चला। इसके बाद मामला शांत हुआ।

विगत दिनों राजस्थान के डग में शंभुसिंह की हत्या को लेकर हत्यारों के खिलाफ लोगों में खासा आक्रोश देखा गया। मंदसौर के बसई गांव में हिंदूवादी संगठन अवैध मकान तोडने की मांग को लेकर सुबह से ही सड़क पर उतरा था।मौके पर बड़ी संख्या पर मौजूद पुलिस अधिकारियों ने लोगों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन प्रदर्शनकारी अपनी मांग पर अड़े रहे। भीड़ के बढ़ते प्रदर्शन के बाद जेसीबी की मदद से मकान को जमींदोज किया गया।प्रदर्शन कर रहे लोगों का कहना था कि जब तक आरोपी का मकान नहीं तोड़ा जाएगा, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। गुस्साई भीड़ ने सरकार और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की।

लोगों का आक्रोश देखते हुए मौके पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया।जानकारी के मुताबिक हत्याकांड के तीन मुख्य आरोपियों में से एक फैजल खान पिता अयाज खान सुवासरा तहसील के बसई का रहने वाला है। आरोपी का मकान तोडने की मांग को लेकर भारी संख्या में लोग सडक़ों पर उतरे। प्रदर्शन स्थल पर एसडीएम शिवानी गर्ग, एसडीओपी दिनेश प्रजापति और अन्य प्रशासनिक अधिकारी लगातार लोगों को समझाने में जुटे रहे। हालांकि, भीड़ अपनी मांग पर अड़ी रही और मकान ध्वस्तीकरण की कार्रवाई न होने तक आंदोलन जारी रखने की चेतावनी दी गई। इसके बाद आरोपी के घर पर सरकारी बुल्डोजर चलाया गया।

## तलवार से हमला करने वाले चार आरोपी गिरफ्तार

**नीमच, 02 मई गुरु एक्सप्रेस।** सिटी पुलिस ने हत्या के प्रयास के मामले में फरार चल रहे चार आरोपियों को दो दिन बाद गिरफ्तार कर लिया है। घटना 28 अप्रैल की है। फर्नीचर कारीगर विजय नाथ ने पुलिस को बताया कि दो दिन पहले दोपहर 03 बजे वह अपने दोस्त समीर के साथ काल भैरव मंदिर जा रहा था। रास्ते में आजम ने अपने साथियों के साथ बाइक से कट मारकर गाली-गलौज की। शाम 7.30 बजे जुन्नु, कालु, अयाज और समीर राजीनामा करने आए। विजय और उसके साथियों ने उन्हें गाली न देने की समझाइश दी। रात 09 बजे जब विजय और समीर मंदिर पर बैठे थे, तब कालु, समीर, जुन्नु, अयाज और कुछ अन्य लोग वहां आ गए। अयाज और समीर के हाथों में तलवार थी। विजय ने अपने भाई महेश को बुला लिया। आरोपियों ने महेश पर तलवार से हमला कर दिया। महेश की बाई कलाई और कंधे पर गहरी चोट आई। विजय और समीर को चमड़े की बेल्ट से पीटा गया। पुलिस ने अयाज उर्फ टंट्या (23), जुनैद उर्फ जुन्नु (18), समीर उर्फ पवन (22) और इमरान उर्फ गोलू (23) को गिरफ्तार किया है। आरोपी पीड़ितों को जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए थे।

## शुभ मुहूर्त में खोले गए केदारनाथ धाम के कपाट, हेलीकॉप्टर से हुई पुष्पवर्षा

**केदारनाथ, 02 मई।** उत्तराखंड स्थित विश्व प्रसिद्ध तीर्थ स्थल केदारनाथ धाम के कपाट शुक्रवार को विधि-विधान और पूजा-अर्चना के साथ भक्तों के लिए खोल दिए गए। अब अगले छह महीनों तक श्रद्धालु बाबा केदार के दर्शन कर पाएंगे।



शुक्रवार सुबह 07 बजे शुभ मुहूर्त में विश्व प्रसिद्ध श्री केदारनाथ धाम के कपाट विधि-विधान और मंत्रोचार के साथ खोले गए। मंदिर के कपाट खुलते ही हेलीकॉप्टर से श्रद्धालुओं पर पुष्प वर्षा की गई। कपाट खुलते समय आर्मी बैंड ने मधुर धुनें बजाई। इस दौरान केदारनाथ घाटी श्रद्धालुओं के जयकारों से गूंज उठी। इस अवसर पर उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी समेत प्रमुख अधिकारी मौजूद रहे। इसके अलावा, केदारनाथ के रावल भीमाशंकर लिंग, मुख्य पुजारी वागेश लिंग, तीर्थ पुरोहित, बीकेटीसी के पदाधिकारी, स्थानीय समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु भी मौजूद रहे। इससे पहले, अक्षय तृतीया के पावन पर्व पर यमुनोत्री धाम के कपाट खोले गए थे। वैदिक मंत्रोचार के साथ बीते बुधवार को 11 बजकर 55 मिनट पर यमुनोत्री धाम के कपाट श्रद्धालुओं के लिए खोले गए। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु भी मौजूद रहे थे।

बता दें कि यमुनोत्री और गंगोत्री के बाद केदारनाथ धाम के कपाट भक्तों के लिए खोल दिए गए हैं। अब चार मई को बद्रीनाथ धाम के कपाट भी खुल जाएंगे। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, यमुनोत्री से यात्रा शुरू करने पर चारधाम यात्रा में किसी भी प्रकार की... शेष पेज 3 पर

# डॉ. मोहन यादव आज मंदसौर में

### सीतामऊ, गरोठ और दूधाखेड़ी में होगे आयोजन, कई निर्माण कार्योका लोकार्पण व भूमिपूजन करेंगे

**मंदसौर, 02 मई गुरु एक्सप्रेस।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज सीतामऊ, गरोठ और दूधाखेड़ी में आयोजित कार्यक्रमो में शामिल होंगे। सीएम डॉ. यादव सीतामऊ में किसान सम्मेलन में राज्य स्तरीय स्टालों का अवलोकन करेंगे तो गरोठ और दूधाखेड़ी में करोड़ों रूपए से निर्मित कार्यो का लोकार्पण और भूमिपूजन करेंगे।



मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव 03 मई को सीतामऊकिसान सम्मेलन में 80 राज्य स्तरीय स्टालों का करेंगे अवलोकन करेंगे। कृषक सम्मेलन एवं एग्री-हॉर्टी एक्सपो में किसानों से जुड़े विविध तरह के राज्य स्तरीय स्टाल लगाए जाएंगे। इसमें 08 विभागों द्वारा 80 स्टॉल लगाए जाएंगे। इन स्टॉल के माध्यम से कृषकों को उन्नत तकनीक, खेती किसानी की जानकारी, नवाचार, उन्नत किसान के संबंध बारे में बताया जाएगा। इन विभागो में कृषि अभियांत्रिकी, कृषि विभाग, उद्यानिकी विभाग, एम.पी. एग्रो, एम एस एम ई, मत्स्य, पशुपालन, नवकरणीय ऊर्जा विभाग, राजस्व विभाग द्वारा कृषि यंत्र, ड्रोन एवं उपकरण, कृषि आदान व्यवस्था नवीन प्रजातियों के बीज (बीज उवर्रक, पेस्टीसाइड आदि), बैंकर्स एवं फसल बीमा, सूक्ष्म सिंचाई संयंत्र, संरक्षित खेती, वर्मी बेड, मल्चिंग, पौंड प्लास्टिक लाइन (पोली/शेडनेट हाउस आदि), खाद्य प्रसंस्करण, ओडीओपी, रिसर्कुलेटरी एक्वा कल्चर सिस्टम (आर.ए.एस), केज कल्चर, बायोफ्लॉक एवं मत्स्य महासंघ का डिस्पले, चलित पशु चिकित्सा इकाई, आदर्श गौशाला, सार्टेड सेक्सड सीमन, एंब्रियो ट्रांसफर तकनीक, सांची मिल्क पार्लर एवं मिल्क क्वालिटी टेस्टिंग, एग्री फोटो वॉल्टाइक एग्री स्टेक इत्यादि तरह-तरह के स्टाल लगाए जाएंगे। जिसके माध्यम से किसानों को जानकारियां साझा की जाएगी। सीतामऊ में 03 मई को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 33 करोड़ 14 लाख रुपए की लागत से निर्मित महर्षि सांदीपनि विद्यालय का लोकार्पण करेंगे। विद्यालय चंदवासा में स्थित है। मध्यप्रदेश सरकार ने वर्ष 2022-23 में सीएम राइज स्कूल की शुरुआत की थी, अब इन्हें महर्षि सांदीपनि विद्यालय के नाम से जाना जाता है। यह परियोजना गरीब वर्ग के विद्यार्थियों को विश्वस्तरीय शिक्षा प्रदान करने के लिए शुरू की गई है।

#### गरोठ-दूधाखेड़ी में यह होगे कार्यक्रम...

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव गरोठ, दुधाखेड़ी में 03 मई को 400 करोड़ 85 लाख के निर्माण कार्यों का लोकार्पण और भूमि पूजन करेंगे। इन निर्माण कार्यों के अंतर्गत 223 करोड 26 लाख रुपए की लागत से निर्मित शामगढ़ सुवासरा वृहद सूक्ष्म सिंचाई परियोजना (विस्तारीकरण) का लोकार्पण करेंगे। 60 करोड़ 3 लाख की ताखाजी सूक्ष्म मध्यम सिंचाई परियोजना का लोकार्पण करेंगे। 07 करोड़ 71 लाख से निर्मित संयुक्त तहसील कार्यालय एवं अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय भवन गरोठ जिला मंदसौर का लोकार्पण करेंगे। 02 करोड़ 48 लाख की लागत से निर्मित मंदसौर जिले के शामगढ़- बोलिया मार्ग पर कंधारी नदी पर सुरजना नया से बगडावदा के बीच जलमग्नीय पुल का लोकार्पण करेंगे। 102 करोड़ 64 लाख से निर्मित होने वाले गरोठ बोलिया मार्ग पोलाडुंगर से चिकनिया, कुरलासी, चुगनी, दुधाखेडी माताजी, हरनावदा, टुंगनी, भानपुरा मार्ग का भूमिपूजन एवं 04 करोड़ 73 लाख की लागत से निर्मित होने वाले गरोठ शामगढ मार्ग से दादावाड़ी से हिंगोरिया मार्ग का भूमिपूजन करेंगे।

#### यह है दौरा कार्यक्रम...

मुख्यमंत्री सुबह 11:10 बजे स्टेट हैंगर भोपाल से विशेष विमान द्वारा रवाना होंगे और 11:40 बजे मंदसौर एयर स्ट्रिप पर पहुंचेंगे। इसके बाद वे दोपहर 12:00 बजे हेलीकॉप्टर द्वारा सीताामऊ हेलीपेड पहुंचेंगे, जहां वे स्थानीय कार्यक्रमों में भाग लेंगे। दोपहर 02:15 बजे मुख्यमंत्री सीतामऊ से हेलीकॉप्टर द्वारा गरोठ रवाना होंगे और वहां भी स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होंगे। दोपहर 04:15 बजे वे गरोठ से रवाना होकर पुन: मंदसौर एयरस्ट्रिप पहुंचेंगे। जहां से 04:20 बजे भोपाल के लिए प्रस्थान करेंगे। मुख्यमंत्री का भोपाल आगमन शाम 04:50 बजे निर्धारित है।

## एनआईए की रतलाम में आमद, तीन युवकों को हिरासत में लिया

**रतलाम, 02 मई गुरु एक्सप्रेस।** एनआईए टीम की अचानक आमद से रतलाम में हड़कंप मच गया। टीम के सदस्य आधी रात को रतलाम पहुंचे थे। एनआईए अपने साथ फिरोज खान नाम के आतंकी को लेकर आई थी। इस दौरान तीन युवकों को हिरासत में लेने की सूचना भी थी, हालांकि इसकी पुष्टि नहीं हो पाई। दोपहर में ही एनआईए की टीम वापस चली गई।



रतलाम में शुक्रवार सुबह जब नेशनल इंवेस्टिगेशन एजेंसी (एनआईए) की टीम के पहुंचने की खबर लगी तो हड़कंप मच गया। टीम आधी रात को पहुंची थी। टीम के सदस्य अपने साथ आतंकी फिरोज खान को.... शेष पेज 3 पर

# पाकिस्तान से युद्ध की शुरुआत करने से पहले देश में छिपे आतंकवादियों का सफाया होना चाहिए-सोम

## तीनों आतंकवादियों के पुतले जलाए



**मंदसौर, 02 मई गुरु एक्सप्रेस।** दशपुर जागृति संगठन क्रांतिकारियों के लिए समर्पित संगठन द्वारा महान क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद के चरण प्रतिमा स्थल पर पहुंचकर तीनों आतंकवादियों के मुखौटे पुतले पर लगाकर जूते की माला पहनाकर संगठन के देशभक्ति कार्यकर्ताओं ने हाथ में मातृभूमि की माटी लेकर शपथ ली गई।

दिवंगत आत्माओं को गायत्री महामंत्र महामृत्युंजय मंत्र के साथ शांति प्रार्थना की गई। 22 अप्रैल को देश के इतिहास में दुखद घटना 28 परिवारों के ऊपर पहलगाम में आतंकी हमला करने वाले तीनों आतंकवादियों के ओरिजिनल फोटो निकलवा कर उन पुतलों के ऊपर लगाए गए। उन पुतलों पर जूते की माला पहनाई गई। इस अवसर पर संगठन के सत्येंद्र सिंह सोम द्वारा कहा गया कि देश में आतंकवादी छुपे हुए हैं यह पाकिस्तान का संरक्षण प्राप्त है हमारे देश के पार्लियामेंट पर हमला किया गया, हमारे सैनिक का सर ले जाया गया, आज भी मणिपुर मुर्शिदाबाद जैसे स्थानों पर लगातार हमले होना यह हमारे ऊपर बहुत बड़ा दाग है कि हम पाकिस्तान से लड़ने को तैयार हैं लेकिन देश के आतंकवादियों का सफाया नहीं कर पा रहे हैं। इस अवसर पर डॉ. देवेंद्र पुराणिक ने कहा कि संगठन लगातार देशभक्ति की बात करता रहा हम भी चाहते हैं युद्ध हो लेकिन इससे पहले देश के अंदर सर्च अभियान चलाया जाए समस्त अवैध रूप से स्वस्थ रखने वालों के खिलाफ धाराएं बढ़ाई जाए। संगठन के कार्यकारी अध्यक्ष हरिशंकर शर्मा ने मातृभूमि की मिट्टी खेतों में जाकर लेकर आए और सबके हाथों में वितरण करते हुए कहा कि हम इसकी शपथ लेते हैं हम अंतिम समय तक इसकी रक्षा करेंगे और अपने प्राणों से ज्यादा मातृभूमि के लिए समर्पित रहेंगे। इस अवसर पर संगठन संरक्षक रविंद्र पांडे ने कहा देश के अंदर लगातार आतंकी घटनाएं हमें चिंता में डाल रही हैं हम दूसरे देशों के समझौते कर रहे हैं लेकिन अपने देश के अंदर लगातार इस प्रकार के हमले यह हमें कमजोर कर रहे हैं। इस अवसर पर एमपी सिंह परिहार ने अपने उद्बोधन में कहा समस्त देश नागरिकों को आवाज उठाने का समय आ चुका है देश बलिदान मांग रहा है इसमें मौन होकर घर में बैठे लोगों पर मुझे गुस्सा आता है ऐसे कार्यक्रमों में भागीदारी कब होना यह देशभक्ति का अभाव है। अपने उद्बोधन में राजाराम तंवर ने जोशीले नारों से कहा पाकिस्तान मुर्दाबाद आतंकवाद मुर्दाबाद आतंकवादियों का कोई धर्म नहीं होता वह मुख्य रूप से आतंकवादी ही रहते हैं। राजाराम द्वारा शपथ ली गई कि मैं अंतिम समय तक पेंशन के पैसे से आंदोलन में भागीदारी करता रहूंगा। स्टीवर्ड जितेंद्र जैन ने कहा राष्ट्र के सामने बहुत बड़ी चुनौती है 1 वर्ष तलाक महंगे कार्यक्रम पर रोक लगाई जाने चाहिए शादियां बड़े-बड़े आयोजन राजनीतिक पार्टियों को भी काम किया जाना चाहिए यह समय राष्ट्र के चिंतन का समय है।

मातृशक्ति सीमा चौरडिया अपने उद्बोधन में कहा जो बच्चे सेवा में जा रहे हैं उनके परिवारों के लिए हम भी अपना तन मन धन से सहयोग करें यदि किसी परिवार का बच्चा जाता है तो उसे परिवार के लिए आर्थिक सहायता करने का समय है अपने कलेजे के टुकड़े को वह सरहद पर लड़ने के लिए भेज रही है। युवा नेत्री वंदना भावसार ने अपने उद्बोधन में कहा की आज मातृशक्ति को अपना राष्ट्र के प्रति कर्तव्य निभाने का समय हम राजनीतिक पार्टियों में कार्य करें लेकिन देशभक्ति कार्यक्रम में बराबर सम्मिलित होते रहे। इस अवसर पर वरिष्ठ अभिभाषक विष्णु बैरागी ने कहा आज हर पढ़े-लिखे इंसान को अपने घर में बैठे रहने का समय नहीं है कुछ परिवर्तन करने का समय है और यह परिवर्तन अपना धन लगाकर राष्ट्र सेवा करने का समय है राष्ट्र ने हमको सब कुछ दिया है हम राष्ट्र के लिए कुछ ना कुछ करें मातृभूमि के हाथों में माटी लेकर। संगठन के परामर्शदाता सुनील बंसल द्वारा शपथ दिलाई गई कि मैं अंतिम समय तक राष्ट्र सेवा करूंगा राष्ट्र के लिए छुपे हुए आतंकवादियों के खिलाफ जन आंदोलन खड़ा करूंगा मैं शपथ लेता हूं अपनी ईमानदारी की कमाई से राज्य सेवा में अपना सहयोग करता रहूंगा। इस कार्यक्रम में युवा संदीप मंडोवरा ने कहा कि पूरे देश के अंदर दुख का वातावरण है लेकिन इस वातावरण को प्रधानमंत्री मोदी जी द्वारा पूरा किया जाएगा और यह बदला भी लिया जाएगा। संगठन के मीडिया प्रभारी जयंत भावसार ने कहा कि मैं बहुत खुशकिस्मत हूं कि मुझे राष्ट्रभक्ति के इस संगठन के द्वारा ऐसे बदमाश आतंकवादियों को जूते की माला पहनकर जलाने का अवसर मिला है यह दशपुर जागृति संगठन की सोच का कमाल है देश के प्रत्येक देशभक्ति कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए संगठन ने मांग की है कि नरेंद्र मोदी साहब के साथ पूरा देश खड़ा हुआ है अब समय आ चुका है युद्ध करने का। यह जानकारी संगठन के मीडिया प्रभारी जयंत भावसार द्वारा दी गई।



## शिवना शुद्धिकरण में जागरूक नागरिकों ने मेहनत कर बहाया पसीना

**मंदसौर, 02 मई गुरु एक्सप्रेस।** मंदसौर विधानसभा के विधायक श्री विपिन जैन के आव्हान पर शुरू हुए शिवना शुद्धिकरण अभियान में नगर के जागरूक नागरिक बढ़चढ़कर भाग ले रहे है। द्वितीय दिवस भी कई सामाजिक, धार्मिक, राजनीतिक संगठनों के प्रतिनिधियों एवं आम नागरिकों ने शिवना तट पर सफाई अभियान में सहभागिता की और श्रमदान कर 5 ट्राली जलकुम्भी व गंदगी निकाली।

श्री पशुपतिनाथ महादेव के निकट स्थित छोटी पुलिया के पास घाट के यहां 2 मई, शुक्रवार को सुबह 2 घंटे सफाई अभियान चला। शिवना नदी को साफ करने के लिये सभी ने मेहनत कर पसीना बहाया और एक दूसरे के सहयोग से जलकुम्भी व गंदगी निकाली। विधायक श्री विपिन जैन ने सभी नागरिकों, सामाजिक संगठनों व समाजसेवियों से आव्हान किया है कि अधिक से अधिक संख्या में शिवना शुद्धिकरण अभियान में भाग लेकर श्रमदान करें। इस अवसर पर ग्वाला गवली यादव समाज के अनिल मसानिया, छोटेलाल पटेल, खूबचंद पहलवान, उदयलाल सुराह, धर्मपाल चंदेल, मंगल गवली, कैलाश मसानिया, अतिन्द्र मसानिया, दुर्गेश चंदेल, सुंदरलाल थम्मार, खेमचन्द हीनवार, किशोर ग्वाला, प्रेम बम्ब, भीम बानिया, अमर मसानिया, दशपुर जागृति संगठन के सत्येन्द्रसिंह सोम, हरिशंकर शर्मा, राजाराम तंवर, जयंत भावसार, समाजसेवी मनीष भावसार, महेश दुबे, राजू सतीदासानी, सार्थक संस्था के उर्मिला तोमर, अनंत तारे, सौरभसिंह, राजकुमार अग्रवाल, विजयलक्ष्मी रघुवंशी, पतंजलि योग संस्था के योग गुरू बंशीलाल टांक सहित कांग्रेसजन सर्वश्री प्रकाश रातड़िया, सोमिल नाहटा, मनजीतसिंह टूटेजा, राघवेन्द्रसिंह तोमर, विकास दशोरा, तरूण खिंची, सुरेन्द्र कुमावत, राजनारायण लाड़, सुनील बसेर, राजेश फरक्या, कैलाश मनवानी, कमलेश सोनी, दिनेश कल्याणी, साबिर इलेक्ट्रीशियन, बद्रीलाल धाकड़, रमेश सिंगार, शैलेन्द्र बघेरवाल, संजय सोनी, संजय नाहर, राहुल तिवारी, रमेश सिंगार, विश्वास दुबे, राजेश हिंगड़, मनोहर नाहटा, मनोज जैन, राजेश खीची, पंकज जोशी, रमेश ब्रिजवानी, अजय सोनी, अजय मारू, दशरथसिंह राठौर, शिवशंकर सौलंकी, विपिन चपरोत, दीपक बसेर, शैलेन्द्र गोस्वामी, सादिक गौरी, देवेन्द्र खाबिया, प्रीतम पंचोली, अजय पोरवाल, सुभाष टेलर, नवीन शर्मा, अमित भण्डारी, कैलाश कुमावत, पंकज रैकवार, रमेश धनगर, श्याम साल्वी, शैलेष माली, वासुदेव धाकड़, हिम्मत पोखरना, राजेश चौधरी, मुकेश धाकड़, नरेन्द्र विश्वकर्मा, मो. युनुस महिला नेत्री रफत पयामी, बबीतासिंह तोमर, इष्ट भाचावत, रीना बसेर, अनिता भदोरिया, सोनाली जैन, रानु पाटीदार सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिकगण उपस्थित थे। मीडिया प्रभारी राजनारायण लाड़ ने बताया कि आज 3 मई, शनिवार को प्रात: 7 से 9 बजे तक चलने वाले शिवना शुद्धिकरण अभियान में कई सामाजिक संगठन दो घण्टे श्रमदान करेंगे। सभी नागरिकगण इस पुनीत कार्य में अपनी सहभागिता करें।

## सुश्री आयुषी गोयल को जनपद सीईओ मनासा का दायित्व

**नीमच, 02 मई गुरु एक्सप्रेस।** पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा जनपद पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री आयुषी गोयल की पदस्थापना जनपद पंचायत मनासा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी के पद पर की गई है। सुश्री गोयल ने एक मई 2025 को जिला पंचायत नीमच में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है। अत: जिला पंचायत सीईओ श्री अमन वैष्णव द्वारा सुश्री आयुषी गोयल को जनपद पंचायत मनासा के सीईओ का प्रभार (मय आहरण संवितरण अधिकार सहित) आगामी आदेश पर्यन्त सौंपा गया है।



## लाड़ली लक्ष्मी उत्सव कार्यक्रम सम्पन्न

**मंदसौर, 02 मई गुरु एक्सप्रेस।** 2 मई 2025 को लाड़ली लक्ष्मी उत्सव कार्यक्रम विभिन्न वार्डों में आयोजित किया गया। लाड़ली लक्ष्मी उत्सव कार्यक्रम में वार्ड पार्षद एवं अन्य जनप्रतिनिधि, लाड़ली लक्ष्मी योजना की बालिकाएं, लाडली लक्ष्मी क्लब की बालिकाएं एवं उनके अभिभावक उपस्थित रहे। विभिन्न वार्डों में कार्यक्रम का संचालन लाडली लक्ष्मी बालिकाओं के द्वारा किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती पूजन, कन्या पूजन, के साथ किया गया। महाविद्यालय में प्रवेशित बालिकाओं द्वारा अनुभव साझा किए गए। इस दौरान विभिन्न वार्डो पर आयोजित कार्यक्रम में लाडली लक्ष्मी बालिकाओं को आश्वासन प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए एवं एक पेड़ लाडली लक्ष्मी के नाम से पौधारोपण किया गया। शहर के वार्ड क्रमांक 3 एवं 4 का आयोजन वार्ड क्रमांक चार आंगनबाड़ी केंद्र पर आयोजित किया गया। उपरोक्त कार्यक्रम में नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती रमादेवी गुर्जर उपस्थित रही। वार्ड क्रमांक 1 के कार्यक्रम में नगर पालिका उपाध्यक्ष श्रीमती नम्रता चावला उपस्थित रही। इस दौरान कार्यक्रम में उपस्थित प्रतिभागियों को अतिथियों द्वारा मार्गदर्शन प्रदान किया गया।

## राज्य स्तरीय बेडमिंटन टूर्नामेंट का शुभारंभ



**मंदसौर, 02 मई गुरु एक्सप्रेस।** खेल जीवन को हर दृष्टि से सफ़ल बनाने का आधार है , बच्चों को विशेष रूप से इनडोर और ऑउट डोर खेलों से जुड़ना चाहिए ,इसमें टीचर्स और पेरेंट्स की अहम भूमिका है यह विचार व्यक्त किये नगर पालिका परिषद अध्यक्ष श्रीमती रमादेवी गुर्जर ने। आप शुक्रवार को नूतन स्टेडियम सभागार में राज्य स्तरीय बेडमिंटन चैम्पियनशिप टूर्नामेंट शुभारंभ अवसर पर संबोधित कर रही थी। जिला योजना समिति सदस्य एवं पार्षद श्रीमती भारती पाटीदार ने कहा बच्चों को सोशल मीडिया और मोबाइल से दूरी रखते हुए स्पोर्ट्स से जुड़ना लाभदायक है। सांसद प्रतिनिधि श्री गौरव अग्रवाल ने कहा मंदसौर जिला बेडमिंटन के प्रयास सफल है यहां के खिलाड़ी नेशनल लेवल पर भी श्रेष्ठ प्रदर्शन कर रहे हैं। जिले का गौरव बढ़ा रहे हैं। आपने मंदसौर में होरहे पांचवें राज्य स्तरीय टूर्नामेंट के लिए बधाई दी।

डिस्ट्रिक्ट बेडमिंटन एसोसिएशन उपाध्यक्ष , वरिष्ठ पत्रकार डॉ घनश्याम बटवाल ने स्वागत उद्बोधन में बताया कि स्टेट बेडमिंटन संगठन के अंतर्गत मंदसौर में राज्य स्तरीय टूर्नामेंट आयोजित है जो 7 मई तक चलेगा। इस चैम्पियनशिप रैंकिंग टूर्नामेंट में प्रदेश के 22 से अधिक जिलों के 350 से अधिक बॉयज एवं गर्ल्स भाग लेरहे हैं। अंडर 11 , अंडर 13 और अंडर 15 आयु वर्ग के बालक बालिकाओं के 485 से अधिक मैचेस खेले जाएंगे। डॉ बटवाल ने कहा कि तीनों आयु वर्ग के चैम्पियन और विजेता खिलाड़ियों को स्टेट रैंकिंग के साथ 1 लाख 75 हजार रुपये से अधिक राशि की प्राइज़ मनी ट्रॉफी के साथ दी जायेगी। इस अवसर पर इंटरनेशनल रेफरी बेडमिंटन श्री ब्रजेश गौड़ , नगर पालिका सभापति श्रीमती निर्मला चंदवानी , तहसीलदार श्रीमती सोनिका सिंह , जिला खेल अधिकारी श्री विजेंद्र देवड़ा मंच पर विशेष अतिथि थे। अतिथियों का स्वागत और स्मृति चिन्ह मोमेंटो ब्रजेश सिंह जादोन सुभाष भंडारी कुलदीप सिंह चौहान सुनील वारुणे समर ओझा डॉ शिव सिंह भाटी डॉ आशीष भट्ट शाहीन कुरैशी राघवेन्द्र सिंह अंकित मंडोवरा यश पाटीदार संजय भाटी कमलेश गड़िया राकेश श्रीवास्तव आशीष जैन संजय पाडलिया आदि ने किया। शुभारंभ संचालन डॉ घनश्याम बटवाल ने ओर आभार जिला सचिव श्री नवीन जैन ने माना। अतिथियों ने बेडमिंटन कोर्ट में खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और टूर्नामेंट शुभारंभ किया।

### *** सफलता की कहानी ***

## खीरा ककड़ी का उत्पादन कर सत्यनारायण ने प्राप्त की आठ लाख रूपये से अधिक की आय

**नीमच, 02 मई गुरु एक्सप्रेस।** नीमच जिले की जावद विकासखण्ड के ग्राम बोरखेड़ी के किसान सत्यनारायण पाटीदार ने उद्यानिकी विभाग द्वारा संचालित संरक्षित खेती की शेडनेट हाउस योजना के तहत 14.20 लाख रूपये के अनुदान का लाभ उठाकर अपने खेत पर 28 लाख की लागत से किया शेडनेट हाउस निर्माण और उन्नत कृषि तकनीक से खीरा ककड़ी का उत्पादन कर और दो सीजन में कुल 8.48 लाख रूपये की शुद्ध आमदनी प्राप्त की है। उद्यानिकी विभाग से मार्गदर्शन प्राप्त कर किसान सत्यनारायण ने पंरपरागत खेती के बजाय अपने खेत पर चार हजार वर्गमीटर में 14.20 लाख के शासकीय अनुदान से शेडनेट हाउस बनाकर खीरा ककड़ी की फसल लगाई। पहले सीजन में सत्यनारायण ने 280 क्विंटल खीरा ककड़ी का उत्पादन कर 3.10 लाख रूपये की शुद्ध आय प्राप्त की है। दूसरे सीजन में 460 क्विंटल खीरा ककड़ी के उत्पादन से उसे 5.38 लाख रूपये की शुद्ध आय प्राप्तह हुई है। इस तरह परम्परागत खेती की तुलना में उन्नत कृषि तकनीक से शेडनेट हाउस के माध्यम से संरक्षित खेती कर किसान सत्यनारायण ने खेती को लाभ का धन्धा बना लिया है। अब किसान सत्यनारायण की आर्थिक स्थिति काफी सुद्दढ हो गई है। किसान सत्यनारायण पाटीदार, मुख्यमंत्री डा.मोहन यादव एवं उद्यानिकी विभाग को शेडनेट हाउस के लिए मिले अनुदान के लिए धन्यवाद देते हुए, आभार व्यक्त कर रहा है।

## संयुक्त ट्रेड यूनियन ने मजदूर दिवस मनाया




**मंदसौर, 02 मई गुरु एक्सप्रेस।** मई दिवस के अवसर पर स्थानीय गांधी चौराहे पर संयुक्त ट्रेड यूनियन द्वारा अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस मनाया गया। जिसमें प्रमुख रूप से इंटक ( म. प्र. विद्युत कंपनी कर्मचारी संघ फेडरेशन),सीटू, एटक, एचएमसी बैंक एम्पलाइज यूनियन, पोस्ट एंड टेलीग्राफ यूनियन, मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव यूनियन, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता यूनियन, आशा ऊषा कार्यकर्ता यूनियन,स्टार्च फैक्ट्री यूनियन के सभी पदाधिकारियों ने जोरदार उत्साह पूर्वक नारेबाजी कर मई दिवस के अवसर शहीद मजदूरों को याद करते हुए उनकी शहादत को बरकरार रखते हुए वर्तमान सरकार द्वारा श्रम कानूनों को समाप्त कर 4 लेबर कोड लागू करने पर रोक लगाने, कार्य के घंटे तय करने, न्यूनतम वेतन 26 हजार रुपए करने, आउटसोर्स और संविदा कर्मचारी को तत्काल नियमित करने,नई भर्ती शीघ्र करने हेतु आंदोलन शुरू करने के लिए सेंट्रल संयुक्त ट्रेड यूनियन के आह्वान पर आगामी 20 मई को प्रस्तावित आंदोलन को सफल बनाने हेतु चर्चा कि गई।

आंदोलन का स्वरूप तय करने हेतु आगामी 6 मई मंगलवार को शाम 8 बजे सभी ट्रेड यूनियन की सामूहिक बैठक टाऊन हॉल में रखी गई थी। मई दिवस पर सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित हुए जिसमें काफी संख्या में महिला कर्मचारी ने भाग लिया।सभी ट्रेड यूनियन लीडर द्वारा अपने उद्बोधन में संगठन को मजबूत बनाने तथा सिटी ट्रेड यूनियन को सक्रिय करने पर जोर दिया।प्रमुख रूप से श्री सीटू के वरिष्ठ कामरेड श्री मोड़, बैंक एम्पलाइज यूनियन के श्री जैन, इंटक के प्रांतीय सचिव व विद्युत कंपनी कर्मचारी संघ फेडरेशन के प्रांतीय महामंत्री डी एस चंद्रावत,इंटक नेता,विक्रम विद्यार्थी, सुरेंद्र कुमावत, सुनील गुप्ता,श्री राजेंद्र चाष्टा, जावेद हुसैन बाबर मल्हारगढ़, श्री दिलीप शर्मा, श्रीमती उषा जैन, चंदवानी , श्री संघवी, जी, श्री बालू सिंह ने संबोधित किया।

## नपाध्यक्ष ने कार्यालय का आकस्मिक निरीक्षण किया



**मंदसौर, 02 मई गुरु एक्सप्रेस।** नपाध्यक्ष श्रीमती रमादेवी बंशीलाल गुर्जर ने कल शुक्रवार को नगरपालिका कार्यालय का आकस्मिक निरीक्षण किया तथा ग्रीष्म ऋतु में नगर पालिका कार्यालय आने वाले आम नागरिकों को पेयजल की उपलब्धता यहां हो इस संबंध में नगर पालिका कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश दिए नपाध्यक्ष श्रीमती गुर्जर ने मंदसौर नगर पालिका कार्यालय के सभी कक्षाओं का आकस्मिक निरीक्षण किया और विभिन्न शाखाओं में कार्यरत कर्मचारियों से चर्चा की निरीक्षण के दौरान नपाध्यक्ष ने नगरपालिका की जलकर वसूली शाखा में बिल जमा करने आए नागरिकों से चर्चा की और बिल भरने में नागरिकों को परेशानी नहीं आवे इस संबंध में आवश्यक निर्देश भी कर्मचारियों को दिए, नपाध्यक्ष श्रीमती गुर्जर ने नगर पालिका की सभी शाखों में निरीक्षण के दौरान कर्मचारियों को समय पर आने की भी हिदायत दी और कहा कि सभी कर्मचारी नियत समय पर नगर पालिका कार्यालय में आए और पूरे समय अपने कर्तव्य स्थल मौजूद रहे ताकि लोगों को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं आवे निरीक्षण के दौरान पार्षद भावना पमनानी , नगर पालिका राजस्व अधिकारी मंगेश राव नवले, स्टोर कीपर राजेंद्र नीमा सहित कई कर्मचारी भी उपस्थित थे।



## जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत नीमच जिले में आकार ले रहे है खेत तालाब

**नीमच, 02 मई गुरु एक्सप्रेस।** जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा एवं जिला पंचायत सीईओ श्री अमन वैष्णव के मार्गदर्शन में जल संरचनाओं के निर्माण के तहत खेत का पानी खेत में ही रहे इसके लिए प्रत्येक ग्राम पंचायत में न्यूंनतम तीन-तीन नवीन खेत तालाब स्वीकृत किए जा रहे है। यह खेत तालाब 400 घन मीटर, 1000 घन मीटर, 2000 घन मीटर और 3600 घन मीटर जल संग्रहण की क्षमता के निर्माण किए जा रहे हैं। खेत तालाब की लागत अलग-अलग है। खेत तालाब की स्वीकृति हेतु आवेदक कृषक का मनरेगा अंतर्गत जॉब कार्ड बना होना चाहिए। खेत तालाब से बरसात के मौसम में जल का अतिरिक्त प्रवाह रोक कर , खेत का पानी खेत में ही संग्रहित किया जा सकेगा। इस संग्रहित पानी का उपयोग अन्य ऋतु में सिंचाई के साथ मछली पालन एवं मवेशियों के पीने के पानी में भी उपयोगी रहता है। इसका उपयोग कीटनाशकों के छिड़काव के लिए भी किया जा सकता है। खेत तालाब बनवाने के इच्छुक कृषक अपनी संबंधित ग्राम पंचायत के सरपंच,सचिव, ग्राम रोजगार सहायक से संपर्क कर सकते हैं।

जनपद पंचायत नीमच में सहायक यंत्री श्री राजेश आर्य, जनपद पंचायत जावद में श्री एमपी कौशल और जनपद पंचायत मनासा में श्री राजेश व्यास से और जिला स्तर पर श्री बी एल कातिजा कार्यपालन यंत्री से भी स्वीकृति के लिए संपर्क किया जा सकता हैं। जिले में 296 नवीन खेत तालाब निर्माण स्वीकृत हो चुके हैं और इनमें से 104 का कार्य प्रारंभ हो गया है। जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत स्वीकृत और प्रारंभ हुए खेत तालाब एक माह में ही आकार लेने लगे हैं। कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा एवं जिला पंचायत सीईओ श्री अमन वैष्णव के मार्गदर्शन में जिले में अभियान अंतर्गत 800 से अधिक खेत तालाब निर्माण का लक्ष्य रखा गया है।

## योजनाओं का लाभ लेने के लिए जरूरी है ई-केवाईसी करवाना-चंद्रा

### कलेक्टर ने धनगांव में ई-केवाईसी शिविर का किया निरीक्षण



**नीमच, 02 मई गुरु एक्सप्रेस।** जिले के सभी किसानों, उपभोक्ताओं और हितग्राहियों को शासन की योजनाओं का लाभ लेने के लिए आधार, खाद्य ,समग्र, खसरा, ईकेवाईसी, आरओआर लिंकिंग एवं फार्मर रजिस्ट्री करवाना जरूरी है। सभी उपभोक्ता हितग्राही एवं किसान अपना ई-केवाईसी अवश्य करवाएं। यह बात कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने शुक्रवार को नीमच जिले की सिंगोली तहसील के दूरस्थ गांव धनगांव में विशेष ई-केवाईसी शिविर के निरीक्षण एवं ग्राम बड़ी में ग्रामीणों से चर्चा करते हुए कही। इस मौके पर जिला पंचायत सीईओ श्री अमन वैष्णव, जनपद सीईओ श्री आकाश धार्वे, तहसीलदार श्री बीके मकवाना, नायब तहसीलदार श्री भगवान सिंह ठाकुर सहित अन्य अधिकारी एवं ग्रामीण जन उपस्थित थे।

तीन दिवसीय विशेष ई-केवाईसी अभियान के तहत ग्राम पंचायत धनगांव में कलेक्टर ने ई-केवाईसी, कार्य का मौके पर निरीक्षण किया और अपने समक्ष हितग्राहियों की ई-केवाईसी करवा कर, ई-केवाईसी की प्रक्रिया की जानकारी ली। उन्होंने उपस्थित ग्रामीणों से चर्चा कर, उन्हें ई-केवाईसी करवाने के महत्व एवं उपयोगिता के बारे में समझाईश देकर ई-केवाईसी के लिए प्रेरित किया। कलेक्टर ने संबंधित कर्मचारी, पंचायत सचिव, रोजगार सहायक, पटवारी आदि को घर-घर जाकर संपर्क कर, उनके ई-केवाईसी करने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा के मार्गदर्शन में नीमच जिले की सभी पंचायतों एवं नगरीय निकायों के सभी वार्डो में खसरा ई-केवाईसी, समग्र, ई-केवाईसी, खाद्य ई केवाईसी, आधार आर ओ आर की केवाईसी, एवं फार्मर रजिस्ट्री के लक्ष्यों की शतप्रतिशत पूर्ति के लिए गुरूवार से तीन दिवसीय तक तक विशेष अभियान चलाया जा रहा हैं। जिले में इस अभियान के तहत दूसरे दिन ग्राम बरलई, रावणरूण्डी, जन्नौद, बैसला, टामोटी, चिकली ब्लॉगक, भदाना भेरपुरा, डायली, चेनपुरिया ब्लॉबक, कांकरिया तलाई, धनगांव, उमर, बुझ, घसुण्डील जागीर, मजिरिया, चीताखेडा, पिपली चौक नीमच, बघना, देवरान, मोडी, लासुर, मडावदा, नीमच सहित विभिन्न गांवों और शहरी वार्डो में ई-केवायसी विशेष शिविर आयोजित किए गए। इन शिविरों में राजस्वड अमले एवं विभिन्नो विभागों के ग्राम स्तशरीय अमलो ने शेष हितग्राहियों को प्रेरित कर, उनकी खसरा, समग्र आधार, खाद्य, ई-केवायसी, आर.ओ. आर., ई-केवायसी एवं फार्मर रजिस्ट्री की गई। कलेक्ट र ने गांव धनगाव की पंचायत में आयोजित ई-केवायसी शिविर का निरीक्षण कर जायजा लिया। एसडीएम श्री पवन बारिया, एसडीएम श्री संजीव साहू एवं एसडीएम जावद सुश्री प्रीति संघवी सहित संबंधित तहसीलदार एवं राजस्वड अधिकारियों ने ईकेवायसी शिविरों का निरीक्षण कर, ईक्वायसी कार्य की प्रगति का जायजा लिया और संबंधितों को आवश्यिक निर्देश भी दिए।

## मंदसौर मंडी भाव

| उपज | आवक बोरी में | न्यूनतम | अधिकतम |
|---|---|---|---|
| मक्का | 50 | 2000 | 2441 |
| उड़द | 18 | 4799 | 6550 |
| सोयाबीन | 3440 | 3901 | 4400 |
| गैहु | 9000 | 2352 | 2912 |
| चना | 340 | 5000 | 5600 |
| मसुर | 102 | 6091 | 6279 |
| धनिया | 168 | 5000 | 7100 |
| लहसुन | 15000 | 3025 | 9110 |
| मैथी | 668 | 3555 | 5555 |
| मुंगफली | 583 | 4502 | 5060 |
| अलसी | 1461 | 6900 | 7350 |
| सरसो | 177 | 4999 | 5965 |
| तारामीरा | 12 | 5250 | 5440 |
| इसबगोल | 100 | 8003 | 12002 |
| प्याज | 2406 | 300 | 890 |
| कलोंजी | 43 | 14000 | 20600 |
| तुलसी बीज | 0000 | 0000 | 0000 |
| डॉलर | 51 | 6660 | 8100 |
| तिल्ली | 10 | 6500 | 8818 |
| जौ | 15 | 2250 | 2330 |
| मटरसुखी | 0000 | 0000 | 0000 |
| असालीया | 55 | 5750 | 6711 |
| चियाबीज | 58 | 9800 | 13651 |

## मंत्री कुशवाह सीतामऊ में कार्यक्रम में शामिल होंगे

**मंदसौर, 02 मई गुरु एक्सप्रेस।** अपर कलेक्टर श्रीमती एकता जायसवाल द्वारा बताया गया कि सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण उद्यानिकी तथा खाद्य प्रसंस्करण मध्यप्रदेश शासन के मंत्री श्री नारायण सिंह कुशवाह सुबह 10:30 बजे मंदसौर से सीतामऊके लिए प्रस्थान करेंगे एवं 11:00 बजे सीतामऊआएंगे। तय कार्यक्रम अनुसार मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के साथ विभिन्न विकास कार्यों के लोकार्पण एवं भूमि पूजन कार्यक्रम में शामिल होंगे। कार्यक्रम के पश्चात सीतामऊ से मंदसौर के लिए प्रस्थान करेंगे।

## मंत्री बंजारा आज दुधाखेड़ी में कार्यक्रम में शामिल होंगे

**मंदसौर, 02 मई गुरु एक्सप्रेस।** अपर कलेक्टर श्रीमती एकता जायसवाल द्वारा बताया गया कि विमुक्त घुमंतू एवं अर्ध घुमंतु समुदाय विकास अभिकरण के कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त मंत्री श्री बाबूलाल बंजारा सुबह 10:00 बजे बगुनिया से दुधाखेडी के लिए प्रस्थान करेंगे एवं दोपहर 1:00 बजे दुधाखेडी आएंगे। तय कार्यक्रम अनुसार मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के साथ विभिन्न विकास कार्यों के लोकार्पण एवं भूमि पूजन कार्यक्रम में शामिल होंगे। कार्यक्रम के पश्चात दुधाखेडी से बगुनिया के लिए प्रस्थान करेंगे।

## सुश्री निर्मला भूरिया आज सीतामऊ में कार्यक्रम में शामिल होंगी

**मंदसौर, 02 मई गुरु एक्सप्रेस।** अपर कलेक्टर श्रीमती एकता जायसवाल द्वारा बताया गया कि मध्यप्रदेश शासन महिला एवं बाल विकास विभाग की मंत्री एवं जिले की प्रभारी मंत्री सुश्री निर्मला भुरीया सुबह 7:30 बजे झाबुआ से सीतामऊके लिए प्रस्थान करेंगी एवं सुबह 11:15 बजे सीतामऊआएंगी। तय कार्यक्रम अनुसार मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के साथ विभिन्न विकास कार्यों के लोकार्पण एवं भूमि पूजन कार्यक्रम में शामिल होंगी। दोपहर 4:30 बजे सीतामऊसे झाबुआ के लिए प्रस्थान करेंगी।





# कलेक्टर जिले के दूरस्थ गांव बड़ी में ग्रामीणों की समस्याओं से रूबरू हुए

## ग्राम विकास के कार्यो पर चर्चा कर समस्याएं सुनी, समाधान के दिए निर्देश

**नीमच, 02 मई गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा शुक्रवार को नीमच जिले की सिंगोली तहसील के दूरस्थ गांव बडी के पंचायत भवन में ग्रामीणों से रूबरू हुए और एक-एक कर ग्रामीणों की समस्याओं को सुना और उनका समाधान करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। इस मौके पर जिला पंचायत सीईओ श्री अमन वैष्णव, जनपद सीईओ श्री आकाश धार्वे, तहसीलदार श्री बी.के.मकवाना एवं नायब तहसीलदार श्री भगवान सिह ठाकुर सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।

कलेक्टर श्री चंद्रा ने ग्रामीणों की मांग पर गांव के पुराने जर्जर हो चुके प्राथमिक शाला के भवन को डिस्मेंटल करवाने तथा इस शाला परिसर में खेल मैदान निर्माण का प्रांकलन तैयार करवाकर, प्रस्ताव भिजवाने के निर्देश भी दिए। उन्होने बडी वासियों की मांग पर ग्राम में दो पुलियाओं का निर्माण करवाने के लिए प्रांकलन एवं प्रस्ता व भिजवाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने ग्रामीणों की मांग पर जल निगम को ग्राम बडी में शेष रेस्टोमरेशन एवं पाईप लाईन बिछाने का कार्य तत्काल करवाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि शनिवार को जल निगम के अधिकारी गांव में पहुंचेंगे, सरपंच एवं पंचायत सचिव, जल निगम के अधिकारियों से संपर्क कर, पाईप लाईन के शेष कार्य और रोड रेस्टो रेशन का कार्य अपनी उपस्थिति में पूर्ण करवाएं। कलेक्टर ने ग्रामीणों की मांग पर ग्राम में उपलब्ध चरनोई भूमि चिन्हित कर ग्रामीणों को पशु चराई के लिए उपलब्ध कराने और ग्रामीणों की पशु बाडे .की समस्या का भी समुचित समाधान करने के निर्देश तहसीलदार सिंगोली को दिए। उन्होने गांव के प्राथमिक शाला परिसर में जल भराव की समस्या के समाधान के लिए मिट्टी मुरम्मण का भराव करवाकर परिसर का समतलीकरण करवाने के निर्देश भी ग्राम सचिव को दिए। कलेक्टर श्री चंद्रा ने जिला पंचायत सीईओ श्री वैष्णाव के साथ ग्राम बडी के आंगनवाडी केंद्र का निरीक्षण कर केंद्र में दर्ज बच्चों की तुलना में अल्पै उपस्थिति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए आंगनवाडी कार्यकर्ता एवं सहायिका को घर-घर जाकर बच्चों को आंगनवाडी में बुलाकर लाने और उन्हें सुबह नाश्ता व दोपहर में गर्म पका हुआ गुणवत्तापूर्ण भोजन नियमित रूप से प्रदान करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने प्राथमिक शाला परिसर एवं सुतारों की बडी में पुराने प्राथमिक शाला परिसर का अवलोकन भी किया। ग्रामीणों ने ग्राम कवई एवं चकसोडिजर में आंगनवाडी केंद्र भवन नहीं होने से आ रही समस्याओं से अवगत कराते हुए नवीन आंगनवाडी केंद्र भवन की मांग भी की। कलेक्टंर ने ग्राम में संचालित स्व सहायता समूह उनसे जुडी महिलाओं समूह द्वारा संचालित आर्थिक गतिविधियों, पशुपालन कार्य एवं राशन दुकान संचालन के बारे में भी जानकारी ली। ग्रामीणों ने कलेक्टर से गांव के मुक्तिधाम का सुव्यगवस्थि त विकास एवं निर्माण करवाने का आगृह भी किया। इस पर पंचायत सचिव को प्रस्ताव पारित करवाकर भिजवाने के निर्देश भी दिए।

# गर्मी की छुट्टियों में ही होंगे शिक्षकों के तबादले



**बोर्ड का रिजल्ट भी बनेगा आधार**

**भोपाल/मंदसौर, 02 मई गुरु एक्सप्रेस।** इस बार शिक्षकों के तबादले गर्मी की छुट्टियो में ही होंगे। सालभर चलने वाली तबादले की व्यवस्था में परिवर्तन करते हुए सरकार ने यह निर्णय लिया है। इस बार रिजल्ट को भी तबादले का आधार बनाया जाएगा।

उन प्राचार्य और शिक्षकों को प्राथमिकता मिलेगी, जिनके स्कूलों के परिणाम बेहतर आएंगे। जिन स्कूलों के परिणाम लगातार औसत से भी कम आ रहा है। वहां के शिक्षकों को भी अन्यत्र भेजा जाएगा। स्कूल शिक्षा विभाग उच्च पदभार, स्थानांतरण, शिक्षकों के प्रशिक्षण सहित अन्य सभी प्रक्रियाएं ग्रीष्मावकाश में पूरा करेगा। इसकी तैयारी भी शुरू हो गई है। शिक्षा पोर्टल 3.0 पर शिक्षकों का डाटा अपडेट किया जा रहा है, जिससे स्थानांतरण प्रक्रिया शुरू करने में परेशानी ना हो। बता दें कि स्कूल शिक्षा विभाग में प्रदेश में 2.80 लाख शिक्षक, प्राचार्य और अधिकरी पदस्थ हैं, जिनका पोर्टल पर अपडेशन कार्य चल रहा है।

**उच्च पद प्रभार वाले नहीं होंगे शामिल**-पिछले साल जिन्हें उच्च पद का प्रभार देकर दूसरे स्कूलों में भेजा गया है या फिर युक्तिकरण के अंतर्गत स्कूलों में दिया गया है। उनके स्थानांतरण नहीं होंगे। नए पोर्टल पर उच्च पद प्रभार वाले शिक्षकों के नाम और पूरा डिटेल अपलोड किया जा रहा है।

**इनका कहना**-इस बार ग्रीष्मावकाश में ही स्थानांतरण व उच्च पद प्रभार की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। इसमें बोर्ड परीक्षा का रिजल्ट आने के बाद समीक्षा की जाएगी। इसके आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

**शिल्पा गुप्ता, आयुक्त, लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल**

# बेटी है तो कल है, बेटी दो कूलों को तारती है-पं.शर्मा

**नीमच , 02 मई गुरु एक्सप्रेस।** बेटा भाग्य से होता है। लेकिन बेटि सौभाग्य से ही मिलती है। जिस घर में बेटियां जन्म लेती है उस घर में खुशियां ही खुशियां होती है। बेटी है तो कल है। बेटी 2 कूलों को तारती हैं। यह बात पंडित दशरथ शर्मा ने कही।वे बालाजी नवयुवक मंडल रामपुरा दरवाजा जावद के तत्वाधान में नो दिवसीय अमृत कलश स्थापना महोत्सव एवं श्री राम कथा में उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए बोल रहे थे। बेटिया संस्कारित होती है तो दो परिवारों में संस्कार बढते हैं। बेटियां लक्ष्मी का परिचायक होती है। उन्होंने कहा कि शास्त्र के साथ शस्त्र का ज्ञान भी आवश्यक है।अखाडे में व्यायाम कर आत्मरक्षा करना सीखना भी आवश्यक है। आत्म बल संस्कार का प्रशिक्षण लेना चाहिए। बीता समय वापस लौटकर नहीं आता है इसलिए सदैव पुण्य करना चाहिए। कॉल आयु को घटाता है। 1हजार कार्य छोडकर राम कथा श्रवण करना चाहिए।शिशु जन्म से पहले मां के पेट में 9 माह तक संघर्ष करता है। श्री राम कथा श्रवण करने के बाद वर्षो पुराने विवाद मिट जाते हैं तो कथा सार्थक कहलाती है। धर्म पूछ कर गोली मारी गई यदि हम अब भी नहीं सम्भले तो हमारा क्या होगा । क्यों कर रहे हैं सभी सनातन धर्म के भाई लोग आपस में संगठित होकर रहे आपस में विवाद नहीं करें।समय संगठित होने का आ गया। कन्या का कन्या लक्ष्मी का अवतार होती है।विवाह में कन्यादान में मांगा गई सामग्री दहेज बन जाता है। लडकी को कन्यादान में रामचरितमानस ग्रंथ दान करना चाहिए।



रामचरितमानस ग्रंथ के उपदेश कन्या के जीवन को सुख समृद्ध बना देंगे।

अतिथि देवता के समान होते हैं। पति सेवा ही परमेश्वर की सेवा होती है।कौशल्या को राजा राम के वनवास की सूचना मिली तो वह भाव विहल गई थी। अयोध्या का राज भरत को सौंप दिया था।श्री राम को वन का राजा बना दिया था।कौशल्या क्षत्राणी थी राष्ट्र धर्म को समझते थी। देह में आसक्ति ही सुख और दु:ख का कारण है। संसार नदियां और हम दो किनारे है। संसार में सुख दु:ख संबंधों के है। पैसे का महत्व हम लोगों ने जीवन से भी ज्यादा मान रखा है। परमात्मा अनमौल है। परमात्मा के महत्व को जिस दिन हमने जान लिया संसार छोडना नहीं पडेगा।अपने आप छूट जाएगा। संसार में नौ प्रकार के सम्बन्ध जननी, जनक, संधू,सूत्र,ममता शरीर,तन दारा, बंधु,मन सहित विभिन्न सम्बंध के बन्धन है। कैकई राम से बहुत प्रेम करती थी। रघुकुल रीत सदा चली आई प्राण जाए पर वचन न जाए। कैकई ने राजा दशरथ से राम को 14 साल का वनवास व भरत को राज सिंहासन दो वर मांगे थे। कार्यक्रम का शुभारंभ राम दरबार की पुजा अर्चना से हुआ। दशरथ महाराज श्री ने सुमंत,बालकांड, अयोध्या कांड, राजा जनक, राजा दशरथ, राजा पद्माक्ष ,सुंदर कांड, शंकराचार्य, परशुराम लक्ष्मण संवाद, विश्वामित्र , राम ,शिव कथा, गुरु वशिष्ठ,सती पार्वती , अयोध्या कांड, ,ऋषि मुनि,वेद पुराण,राजा दशरथ द्वारा संतान यज्ञ सहित विभिन्न धार्मिक प्रसंगों के वर्तमान परिपेक्ष्य में महत्व पर प्रकाश डाला। आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया। आरती व रामायण पौथी पुजन में पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष नरेंद्र तिवारी, अल्हेड सरपंच आंनद श्रीवास्तव, परिषद के प्रांतीय अध्यक्ष प्रदीप चोपडा, सहित विभिन्न सदस्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। श्रद्धालु भक्तों द्वारा प्रसाद वितरण करवाया गया। रामकथा में अठाना, तारापुर ,कनेरा, सुखानंद, मंदसौर आदि , ग्रामीण क्षेत्रों सहित बडी संख्या में श्रद्धालु भक्त उपस्थित थे। धर्म सभा का संचालन एडवोकेट सत्यनारायण शर्मा ने किया। इस अवसर पर भक्ति पंडाल में आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया।श्री राम कथा पंडित दशरथ शर्मा भाई जी के श्री मुख से प्रतिदिन दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक प्रवाहित हो रही है।

# मुख्यमंत्री ने समाधान ऑनलाईन में की जल गंगा संवर्धन अभियान की प्रगति की समीक्षा

**नीमच, 02 मई गुरु एक्सप्रेस।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज समत्व भवन, मुख्यमंत्री निवास में वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समाधान ऑनलाइन के तहत पीएम श्री एयर एंबुलेंस योजना, निवेश संवर्धन केन्द्र, जल गंगा संवर्धन अभियान समेत विभिन्न प्रासंगिक विषयों पर चर्चा की एवं आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।



मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने समाधान ऑनलाईन में शासकीय देव स्थानों की भूमि का सर्वे कर, समाज हित में देव स्थान भूमियों का व्यवस्थित रिकार्ड तैयार करने और देव स्थानों की भूमियों को संरक्षित करने के लिए राजस्व एवं धर्मस्व विभाग को विस्तृ त कार्य योजना बनाने के निर्देश दिए। उन्होने शासन की विभिन्न योजनाओं में लाभांवित हितग्राहियों का प्रधानमंत्री जीवन सुरक्षा बीमा करवाने के निर्देश भी दिए। साथ ही पीएम जीवन ज्योति बीमा योजना एवं प्रधानमंत्री जीवन सुरक्षा बीमा योजना के क्लेदम प्रकरणों का भी तत्परतापूर्वक निराकरण करवाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने नरवाई एवं पराली जलाने पर प्रभावी रोक लगाने के निर्देश भी सभी जिलो को दिए।

समाधान ऑनलाईन में दर्ज प्रकरणों में नीमच सहित पांढुर्णा, शहडोल, मुरैना, सतना, उमरिया, नर्मदापुरम, भिण्ड , धार, शहडोल, निवाडी, रायसेन एवं बैतुल के शिकायतकर्ताओं से वर्चुअली संवाद कर, उनकी समस्याएं सुनी। इन जिलों के कलेक्टर्स ने आवेदकों की समस्याओं पर की गई कार्यवाही से अवगत कराया। समाधान ऑनलाईन में प्रस्तुत केपीआई के प्रजेंटेशन में नीमच जिले का उत्कृंष्ट प्रदर्शन रहा। इस प्रजेंटेशन में नीमच जिला प्रदेश के टॉप 5 जिलों में शामिल रहा है। कलेक्टर कार्यालय स्थित एनआईसी कक्ष नीमच में कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा, पुलिस अधीक्षक श्री अंकित जायसवाल, डीएफओ श्री एस.के.अटोदे, जिला पंचायत सीईओ श्री अमन वैष्णव, एडीएम श्रीमती लक्ष्मी गामड सहित अन्य जिला अधिकारी उपस्थित थे।



## विद्युत सुरक्षा माक ड्रील का आयोजन सम्पन्न

**मनासा, 02 मई गुरु एक्सप्रेस।** मनासा संभाग अंतर्गत विद्युत दुर्घटनाओं से बचाव व रोकथाम के लिए को कंपनी मुख्यालय से प्राप्त निर्देशों के पालन में, सेफ्टी ड्रिल के निरीक्षण एवं मार्गदर्शन हेतु उपस्थित श्री अंतिम जैन साब, नीमच व्रत के अधीक्षण यंत्री श्री आशीष आचार्य साब की उपस्थिति में मनासा शहर एवं ग्रामीण के समस्त कर्मचारियों का एवं अन्य वि. केंद्रों में विद्युत सुरक्षा मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। मौक ड्रिल में कर्मचारियों को लाइन फाल्ट होने या मेंटेनेंस करने के दौरान क्या-क्या नियमों, सावधानियों, सुरक्षा उपकरणों का उपयोग करना है। जैसे, लाईन फॉल्ट वाली स्थिति में कैसे सेफ्टी झोंन बनाकर कार्य करना है , परमिट कैसे लेना है, फोन कॉल आने पर क्या करना है, परमिट मैं कार्रवाई क्या-क्या करना, के संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए भौतिक रूप से समझाया गया तथा कर्मचारियों को सुरक्षा उपकरणों का उपयोग करने के लिए शपथ दिलाई गई।

## अनुराग जनजागरण पदयात्रा कल

**मंदसौर, 02 मई गुरु एक्सप्रेस।** स्वच्छता, पर्यावरण व जल संवर्धन के लक्ष्य को लेकर मन्दसौर नगर से अनुराग (प्रेम) रखने वाले गणमान्य नागरिकों के मार्गदर्शन में पदयात्रा निकाली जाएगी । प्रत्येक माह के प्रथम रविवार को निकाली जाने वाली पदयात्रा दिनांक 4 मई 2025 रविवार को प्रात: ठीक 8.30 बजे, कम्बल केंद्र, नई आबादी, मन्दसौर से प्रारम्भ होकर हाऊसिंग कॉलोनी, चौधरी कॉलोनी क्षेत्र में भ्रमण करेगी । पैदल चलने में असमर्थ महानुभाव प्रात:9 से 9.15 के मध्य एकत्रीकरण स्थल कम्बल केंद्र, नई आबादी, मन्दसौर पर पधारकर आमजन हित के इस अभियान को अपना नैतिक समर्थन अवश्य प्रदान करें ।

## शुभ मुहूर्त में खोले गए...

पेज 1 से जारी

रुकावट भक्तों को नहीं आती है। यमुनोत्री, यमुना नदी का उद्गम स्थल है। यमुना जी यमराज की बहन हैं और उन्हें वरदान प्राप्त है कि वह अपने जल के माध्यम से सभी का दुख दूर करेंगी। मान्यता है कि जो श्रद्धालु यमुनोत्री में स्नान करता है, उसे मृत्यु के भय से मुक्ति मिल जाती है। इसी वजह से भक्त चारधाम यात्रा की शुरुआत यमुनोत्री से करते हैं। हर साल की तरह इस बार भी बाबा केदारनाथ, बद्रीनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के दर्शन के लिए लाखों श्रद्धालुओं के पहुंचने का अनुमान है। यात्रा के दौरान केदारनाथ धाम के लिए हेली सेवाएं जल्द शुरू होंगी।

## एनआईए की रतलाम में आमद...

पेज 1 से जारी

लेकर पहुंचे थे। बीती दो अप्रैल को ही स्थानीय पुलिस ने फिरोज को गिरफ्तार किया था और एनआईए को सौंप दिया था। दरअसल, एनआईए की टीम फिरोज को स्पॉट वेरिफिकेशन के लिए आई थी। तभी यह भी सूचना आने लगी कि फिरोज खान की निशानदेही पर एनआईए ने तीन लोगों को हिरासत में लिया है। हालांकि दोपहर तक इसकी पुष्टि नहीं हो पाई थी।

कुछ दिन पहले ही रतलाम पुलिस ने फिरोज खान नाम के आतंकी को पकड़ा था, वो काफी समय से फरार था और उस पर 05 लाख रूपए का इनाम घोषित था। फिरोज जयपुर ब्लास्ट की साजिश रचने के मामले में वांटेड था। यह रतलाम पुलिस की बड़ी सफलता थी। वो जयपुर बम ब्लास्ट की घटना को 2022 में दोहराने की कोशिश और साजिश में शामिल था। फिरोज एनआईए की मोस्ट वांटेड आतंकियों की लिस्ट में भी शामिल था। फिरोज पिता फकीर मोहम्मद सब्जीवाला ईद के मौके पर रतलाम पहुंचा था। तभी आनंद कॉलोनी में रहने वाली अपनी बहन से मिलने गया। इनपुट के आधार पर पुलिस ने घेराबंदी करके आतंकी को बहन के घर के बाहर निकलते ही पकड़ लिया था।

# मेनारिया का सेवानिवृत्ति के बाद प्रथम बार नीमच आगमन पर होगा सम्मान स्वागत

**नीमच, 02 मई गुरु एक्सप्रेस।** नीमच जिले के छोटे से कस्बे ग्राम बिसलवास खुर्द निवासी उमाशंकर श्रीमती कमला नागदा (राजगुरु)के सुपुत्र गुणवंत नागदा,मेनारिया के भारतीय सेना में 105वायु रक्षा तोपखाना पर 22 वर्षों र्तक हवलदार के पद पर निरंतर 30 अप्रैल को बडौदा गुजरात में सेवा निवृत्ति के बाद 3मई बुधवार सुबह 7 बजे नीमच रेलवे स्टेशन पर प्रथम बार नीमच आगमन पर सामाजिक संगठनों के पदाधिकारीयों, इष्ट मित्रों, परिचितों एवं क्षेत्र वासियों द्वारा सम्मान किया जाएगा। स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय प्रवेश द्वार के सामने नीमच सिटी रोड स्थित शहीद पार्क से 3 मई शनिवार को सुबह 9बजे एक सम्मान जुलूस निकलेगा जो नगर व क्षैत्र के प्रमुख मार्गो से होता हुआ ग्राम बिसलवास खुर्द पहुंचेगा जहां ग्रामीण सामाजिक संगठनों के पदाधिकारीयों एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा द्वारा उनका सम्मान किया जाएगा। गुणवंत मेनारिया 2003 से 2025तक देश के कश्मीर घाटी पाकिस्तान सीमा व महाराष्ट्र ,हरियाणा, राजस्थान ,गुजरात ,पंजाब जैसे अनेक राज्यों के 24 से अधिक सेना क्रेंदो पर अपनी सेवाएं प्रदान कर चुके हैं।

**4 मई से श्रीमद् भागवत कथा का शंखनाद** – सेवानिवृत्ति कार्यक्रमों की पावन श्रृंखला में भागवत आचार्य नरेंद्र देव नागदा के श्री मुख से श्रीमद्भागवत ज्ञान गंगा 4से 10मई तक प्रतिदिन सुबह 11 से 4 बजें तक प्रवाहित होगी। श्रीमद् भागवत ज्ञान गंगा का शुभारंभ 4 मई को सुबह 7 बजे मंगल कलश यात्रा से होगा। उक्त जानकारी सामाजिक कार्यकर्ता शिक्षक दशरथ नागदा ने दी है।

## आज नगरी में पंच कुंडात्मक यज्ञ के साथ शिव पुराण कथा, प्राण प्रतिष्ठा एवं भण्डारें का आयोजन

**मंदसौर, 02 मई गुरु एक्सप्रेस।** 29 अप्रैल से 3 मई तक नगरी में पंचकुंडआत्मक यज्ञ के साथ शिव पुराण कथा का आयोजन प्राण प्रतिष्ठा श्रीशिवशक्ति पशुपतिनाथ मंदिर जहां विराजे पशुपतिनाथ मंदसौर ग्राम नगरी में लगभग 30 से 35 लाख रुपए की लागत से निर्माण शिव शक्ति पशुपतिनाथ मंदिर में शिव परिवार के साथ राम लक्ष्मण जानकी राधा कृष्ण आदि 13 मूर्तियों की भव्य प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव होगा। पंचकुंडआत्मक यज्ञ और त्रीदिवसीय शिव पुराण कथा का आयोजन होगा। मुख्य आयोजक शिव शक्ति सिंह राणा ने बताया कि आयोजन को लेकर उन्होंने कई तेयारिया की हैं। शुक्रवार प्रात 8:00 बजे ढोल बैंड और डीजे के साथ कलश यात्रा निकलेगी इसमें न सिर्फ गांव बल्कि आसपास के धर्मालुजन भी शामिल होंगे। यह यात्रा नगर भ्रमणकर यज्ञ स्थल पहुंचेगी परम पूज्य महंत स्वामी श्री मणिमहेश चैतन्य महाराज पशुपतिनाथ महादेव चैतन्य आश्रम मंदसौर वाले के मुखारविंद से प्रतिदिन शाम 8:00 बजे से 11:00 तक श्री शिव पुराण कथा होगी। कथा का आयोजन मंदिर के पास बस स्टैंड पर होगा भगवान श्री पशुपतिनाथ की प्राण प्रतिष्ठा के तहत होने वाले इन आयोजनों को लेकर धर्मप्रेमी उत्साहित है। सभी धर्म प्रेमी जनता से निवेदन है। कि अधिक से अधिक संख्या में नगरी पधारकर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को भव्यता दे एवं महाप्रसाद ग्रहण करे। उक्त जानकारी शिव शक्ति सिंह राणा ने दीं।



## लाड़ली लक्ष्मी उत्सव दिवस कार्यक्रम सम्पन्न

**मनासा, 02 मई गुरु एक्सप्रेस।** नगर परिषद मनासा में मुख्यमंत्री लाड़ली लक्ष्मी योजना के अंतर्गत लाडली लक्ष्मी दिवस के उत्सव के रूप में आज दिनांक 02 मई 2025 को प्रात: 11:00 से कार्यालय नगर परिषद सभागृह में लाडली लक्ष्मी उत्सव दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें कन्या पूजन, दीप प्रजज्वलन, उत्कृष्ट उपलब्धि प्राप्त करने वाली बालिकाओं को स्थानीय जनप्रतिनिधियों द्वारा श्रीफल ,पुष्पमाला और पुरस्कार देकर सम्मानित भी किया। इस उपलक्ष में नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि अजय जी तिवारी, उपाध्यक्ष किशोर जी जोलानिया, मुख्य नगर पालिका अधिकारी रितेश जी पाटीदार, पार्षद महोदय प्रवीण जी जोनवाल, पार्षद प्रतिनिधि महोदय दिनेश जी राठौर आंगनवाडी सुपरवाइजर, कार्यकर्ता,सहायिका, निकाय कर्मचारी लाड़ली लक्ष्मी बालिकाएं आदि उपस्थित रही।

## नाम परिवर्तन संबंधी जाहिर सूचना

**मैं बुलाकबाई पति बद्रीलाल (BULAK BAI) निवासी ग्राम रलायता तहसील व जिला मंदसौर सर्व साधारण को इस जाहिर सूचना के माध्यम से सूचित करती हूं कि मेरा वोटर आईडी कार्ड, समग्र आईडी में श्यामाबाई दर्ज है जो सही है। किन्तु मेरे आधार कार्ड में बुलाकबाई नाम अंकित हो गया है। उसके स्थान पर परिवर्तित करके श्यामाबाई (SHYAMABAI) रख लिया गया है। आज दिनांक से भविष्य में मेरा नाम श्यामाबाई (SHYAMABAI) के नाम से जाना पहचाना एवं पुकारा जावें एवं आधार कार्ड में एवं अन्य दस्तावेजों में सही नाम अंकित किया जाए।**

| पुराना नाम व हस्ताक्षर | नया नाम व हस्ताक्षर |
|---|---|
| बुलाकबाई | श्यामाबाई पति बद्रीलाल, निवासी- ग्राम रलायता, तह.व जिला मंदसौर |

# अयोध्या : राम पथ के 14 किमी इलाके में शराब और मीट की नहीं होगी बिक्री

**अयोध्या, 2 मई।** अयोध्या नगर निगम ने रामपथ के 14 किलोमीटर क्षेत्र में शराब और मांस की बिक्री पर रोक लगाने का प्रस्ताव पारित किया है। इसके अलावा पान, गुटखा, बीडी, सिगरेट और इनरवियर के विज्ञापन भी अब इस क्षेत्र में नहीं लगाए जा सकेंगे। राम पथ अयोध्या और फैजाबाद को जोडने वाला प्रमुख मार्ग है, जिसकी शुरुआत सरयू तट से होती है। इसका करीब 5 किलोमीटर हिस्सा फैजाबाद शहर में आता है। फिलहाल इस इलाके में कई शराब और मांस की दुकानें चल रही हैं, जिन्हें बंद किया जाएगा। नगर निगम ने इस प्रस्ताव को धार्मिक भावना को बनाए रखने के उद्देश्य से पास किया है। कार्यकारी समिति में मेयर गिरीशपति त्रिपाठी, डिप्टी मेयर और 12 पार्षद शामिल हैं। समिति के इकलौते मुस्लिम पार्षद सुल्तान अंसारी भी भाजपा से हैं और उन्होंने भी इस प्रस्ताव का समर्थन किया। मेयर त्रिपाठी ने गुरुवार को इस फैसले की औपचारिक घोषणा की। उन्होंने कहा कि जल्द ही इस प्रस्ताव के कार्यान्वयन की विस्तृत योजना और समयसीमा जारी की जाएगी। इस फैसले के लागू होने से राम मंदिर के आसपास का इलाका और फैजाबाद के कुछ हिस्से इस धार्मिक मर्यादा के दायरे में आ जाएंगे। अयोध्या में पहले से ही मांस और शराब की बिक्री पर आंशिक रोक है, लेकिन अब यह प्रतिबंध औपचारिक रूप से पूरे राम पथ पर लागू होगा।



## आर्ट ऑफ लिविंग परिवार मनाएगा परम पूज्य गुरुदेव रविशंकर का जन्म दिवस

**मंदसौर, 02 मई गुरु एक्सप्रेस।** आर्ट ऑफ लिविंग मंदसौर द्वारा परम पूज्य गुरुदेव श्री श्री रविशंकर जी के जन्मोत्सव पर तीन दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। आज आर्ट ऑफ लिविंग केंद्र नंदा पैलेस, नंदा नगर पर साधकों की बैठक आयोजित की गई, जिसमें पूज्य गुरुदेव के जन्मोत्सव को गरिमामय एवं सेवा प्रकल्पों के साथ मनाने का संकल्प लिया गया । कार्यक्रमों के अंतर्गत 11 मई को प्रभात फेरी प्रात: 6 बजे बीपीएल चौराहा से निकाली जाएगी एवं सायंकाल वृद्धाश्रम तथा अनामिका आश्रम में सेवा प्रकल्प के तहत सत्संग एवं फल वितरण किया जाएगा। 12 मई को प्रात: गौशाला नवलखा बीड़ पर हरा चारा गायों को दिया जाएगा तथा दोपहर 1 बजे से नाहटा चौराहा के समीप शरबत वितरण किया जाएगा। गुरुदेव के जन्मदिन पर 13 मई को 'आनंदम' , कलेक्टर कार्यालय रोड पर प्रात: 6 बजे से सभी साधकों को साधना (सुदर्शन क्रिया) कराई जाएगी, तत्पश्चात रक्तदान-महादान शिविर का आयोजन किया जाएगा। दोपहर में रेल्वे स्टेशन पर जल सेवा प्रकल्प रखा गया है। रात्रि 8 बजे से भव्य सत्संग का आयोजन होगा। आर्ट ऑफ लिविंग परिवार मंदसौर ने सभी साधकों से अनुरोध किया है कि सभी कार्यक्रम में अधिकाधिक संख्या में उपस्थित होकर पूज्य गुरुदेव के जन्मोत्सव कार्यक्रम को शानदार तरीके से मनाने में अपना बहुमूल्य समय एवं योगदान दें ।


## कार्यालय म.प्र. स्लेट पेंसिल कर्मकार कल्याण मंडल, मंदसौर (म.प्र.)

एस.पी. ऑफिस के पास, महू-नीमच रोड, मंदसौर दूरभाष-07422-255440 Email-alcmandsaur@gmail.com

क्रमांक/मंडल/2025/ मंदसौर, दिनांक-..../..../2025

### ❊ शासकीय वाहन की घोष विक्रय विज्ञप्ति ❊

सर्व साधारण की जानकारी के लिए प्रकाशित किया जाता है कि मंडल कार्यालय के निष्प्रयोजित वाहन का घोष विक्रय किया जाना है। सार्वजनिक घोष विक्रय कार्यालय मध्यप्रदेश स्लेट पेंसिल कर्मकार कल्याण मंडल, महू नीमच रोड, एस.पी. कार्यालय के पास स्थित कार्यालय में मंदसौर दिनांक 19.05.2025 को समय प्रातः 10.30 बजे से प्रारम्भ किया जावेगा। वाहन का विवरण निम्नानुसार है-

| क्रं. | वाहन का क्रमांक | वाहन का प्रकार | अमानत राशि (रु.में) | न्यूनतम बोली (रु.में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | एमपी-14-सीसी-2357 | स्कार्पिओ वर्ष-2016 (एस-10) | 37400/- | 3,74,000/- |

नीलामी की शर्ते व नियम- 1. वाहन जिस स्थिति में रखा गया है उसी स्थिति में नीलाम किया जावेगा। वाहन चालू हालत में होकर कम्पलीट है। 2. वाहन का निरीक्षण नीलामी के एक दिन पूर्व कार्यालयीन समय में प्रातः 10.30 से सायं 5.30 बजे तक कर सकते है। 3. वाहन की बोली लगाने के पूर्व धरोहर राशि एक दिन पूर्व कालम (4) में अंकित अनुसार जमा कर कार्यालय से रसीद प्राप्त करना अनिवार्य होगी, तभी बोली लगाने की पात्रता होगी। 4. वाहन की उच्चतम बोली की राशि 25 प्रतिशत उच्चतम बोलीदार के रूप में जमा की गई राशि संबंधित विभाग के पक्ष में राजसात की जावेगी। 5. वाहन की अंतिम बोली की पुष्टी होने की सूचना नियत अवधि में राशि जमा न करने की दशा में जमा धरोहर राशि एवं 25 प्रतिशत राशि विभाग के पक्ष में राजसात की जावेगी। 6. वाहन की पुनः नीलामी में यदि किसी प्रकार की हानि होती है, तो हानि की बकाया भू-राजस्व की भांति वसूल की जावेगी। 7. उच्चतम बोली स्वीकार/अस्वीकार करने का अंतिम निर्णय सचिव म.प्र. स्लेट पेंसिल मण्डल मंदसौर का होगा। 8. वाहन की नीलामी में यदि किसी प्रकार का विवाद उत्पन्न होता है तो अंतिम निर्णय सचिव म.प्र. स्लेट पेंसिल मंडल मंदसौर का होगा। 9. प्रत्येक बोली लगाने हेतु पृथक-पृथक धरोहर राशि जमा कराना होगा व रसीद प्राप्ति के पश्चात ही बोली लगाने का अधिकार होगा। 10. नीलामी के अंतिम रूप में निराकरण करने के पश्चात (पक्षकार) उच्चतम बोलीदार को तत्काल परिवहन विभाग के नियमों के अधीन कार्यवाही कराना होगी। नीलामी दिनांक के पश्चात वाहन से संबंधित सभी तरह के उत्तरदायित्व वाहन प्राप्तकर्ता के होंगे। वाहन की कुल राशि जमा करवाने के पश्चात तत्काल परिसर से वाहन ले जाने का उत्तरदायित्व भी पक्षकार का होगा।

सचिव
म.प्र. स्लेट पेंसिल कर्मकार कल्याण मंडल, मंदसौर




स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीडिया एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक– आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरदायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 313880, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in